भारतीय गैर न्यायिक

भारत

बीस रुपये

रु.20

Rs.20

TWENTY RUPEES

सत्यमेव जयते

INDIA

INDIA NON JUDICIAL

उत्तर प्रदे ADESH 601184





100

## मुख्तारनामा

8052279778 हम कि मनीष कुमार पुत्र राय जगदीश्वरी 9307279095 प्रसाद निवासी सरहरी हाउस शाहमारुफ पोस्ट गीता प्रेस तहसील सदर शहर व जिला गोरखपुर के हैं,

विदित हो कि मुहल्ला शाहमारुफ/ उर्दू बाजार तप्पा कस्बा परगना हवेली तहसील सदर शहर व जिला गोरखपुर में स्थित "सरहरी हाउस" के हम मुकिर मालिक काबिज है, जिसे अन्तरित व व्यवस्थित करने का विधिक अधिकार हम मुकिर को है व हम मुकिर सहस्वामियो के साथ मिलकर अपनी उक्त सम्पत्ति पर नये भवन निर्माण के लिये एक किता बिल्डर्स एग्रीमेन्ट तहरीर किये हुये है व बिल्डर्स एग्रीमेन्ट की शर्तो के अनुसार व फेमिली अरेजमेन्ट दिनांक 17/03/2013 के अनुसार नवनिर्मित भवन में हम मुकिर को अपने हक व हिस्से में कुछ दुकानें आदि प्राप्त होनी है, जिन्हे हर प्रकार से व्यवस्थित,

भारतीय गैर न्यायिक

भारत

बीस रुपये

रु.20

Rs.20

TWENTY RUPEES

सत्यमेव जयते

INDIA

INDIA NON JUDICIAL

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

33AA 601185

अन्तरित, किराये आदि पर देने का अधिकार हम मुकिर को प्राप्त रहेगा। हम मुकिर को अपने अधिकारो का प्रयोग करते हुये भविष्य में विभिन्न दस्तावेजों के तहरीर करने की आवश्यकता रहेगी, किन्तु हम मुकिर अपनी अत्यधिक ब्यस्तता व शहर के बाहर रहने के कारण अपने को असमर्थ पा रहे है। ऐसी दशा में हम मुकिर ने विचार किया कि परिवार के किसी व्यक्ति को अपना मुख्तारेआम नियुक्त कर देवें जिससे हम मुकिर की सम्पत्तियों का उचित देखरेख हो सके। इस उद्देश्य से जब हम मुकिर ने **अजय कुमार** से बातचीत की तो वह हम मुकिर का मुख्तारेआम बनने को तैयार हो गये। इसलिए हम मुकिर वखुशी रजामन्दी व दुरूस्ती होश व हवास विला जब्र व दबाव दीगरे अपने अकिल व आजाद राय से यह दस्तावेज मुख्तारनामा उपरोक्त **अजय कुमार पुत्र राय अन्नपूर्णा प्रसाद निवासी सरहरी हाउस, शाहमारूफ, तहसील सदर शहर व जिला गोरखपुर** के

Manil Kr          Ajai Kumar

भारतीय गैर न्यायिक

भारत

बीस रुपये    Rs.20

रु.20    TWENTY RUPEES

सत्यमेव जयते

INDIA

INDIA NON JUDICIAL

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH    33AA 601186

पक्ष में निम्नलिखित शर्तों के अधीन निष्पादित कर दे रहे हैं कि समय पर काम आवे व प्रमाण रहे।

1. यहकि उपरोक्त **अजय कुमार** को अधिकार होगा कि बहैसियत मुख्तारेआम हम मुकिर की तरफ से वादपत्र, प्रतिवादपत्र, अतिरिक्त वादपत्र, अतिरिक्त प्रतिवादपत्र, रिज्वाइन्डर, शपथपत्र, अभिभाषक पत्र, साक्ष्य आदि अपने हस्ताक्षर से न्यायालय में प्रस्तुत करें तथा मुकदमों की पैरवी करें। साथ ही साथ उपरोक्त **अजय कुमार** को यह भी अधिकार होगा कि यदि हम मुकिर के विरूद्ध किंसी तरह का कोई मुकदमा किसी न्यायालय में दाखिल किया जाता है तो उस दशा में वहैसियत मुख्तारेआम मुकदमें की पैरवी करें तथा जो भी जरूरी पत्रजात हों अपने हस्ताक्षर से न्यायालय में प्रस्तुत करें।

Manil Kr    Ajai Kumar

भारतीय गैर न्यायिक

भारत

दस रुपये रु.10

TEN RUPEES Rs.10

सत्यमेव जयते

INDIA

INDIA NON JUDICIAL

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH 94AC 978837

2. यहकि उपरोक्त **अजय कुमार** को यह अधिकार होगा कि वहैसियत मुख्तारेआम हम मुकिर की प्रश्नगत सम्पत्ति से उचित लाभ प्राप्त करने हेतु यदि जरूरी समझे तो किसी को किराये पर देने का करार करें व किराया आदि तय कर एडवान्स लें, प्रति माह तय किराया वसूल करे।

3. यहकि उपरोक्त **अजय कुमार** को यह अधिकार होगा कि वहैसियत मुख्तारेआम हम मुकिर की समस्त सम्पत्ति पर भवन निर्माण के सम्बन्ध में गोरखपुर विकास प्राधिकरण गोरखपुर से स्वीकृत मानचित्र के क्रम में अनापत्ति आदि के लिये जहॉ जहॉ हस्ताक्षर करना हो वहॉ वहॉ हस्ताक्षर करे, शपथपत्र दे और अन्य विभागो से जो अनापत्ति आदि

भारतीय गैर न्यायिक

बीस रुपये

रु.20

भारत

सत्यमेव जयते

INDIA

Rs.20

TWENTY RUPEES

INDIA NON JUDICIAL

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

33AA 601188

प्राप्त करने में जिस भी औपचारिकता को पूरी करने की जरुरत हो वो समस्त औपचारिकताये मेरी तरफ से पूरा करे।

4. यह कि उपरोक्त **अजय कुमार** को यह अधिकार होगा कि सम्पत्ति से उचित लाभ प्राप्त करने हेतु वहैसियत मुख्तारेआम हम मुकिर की जानिब से जरुरी दस्तावेज तहरीर करे व पंजीकृत करावे।

5. यह कि प्रश्नगत सम्पत्ति के सम्बन्ध में एम ओ यू साइन करने की स्थित आवे तो उस दशा में **अजय कुमार** को यह अधिकार होगा कि वह हम मुकिर की तरफ सें ऐसे एम ओ यू पर साइन करे।

6. यह कि उपरोक्त **अजय कुमार** को वहैसियत मुख्तारेआम अधिकार प्राप्त होगा कि धन/चेक/डीडी आदि प्राप्त करें व एकाउन्ट में जमा करें।

Manil Kr                Ajai Kumar

भारतीय गैर न्यायिक

दस रुपये रु.10

भारत

सत्यमेव जयते

INDIA

TEN RUPEES Rs.10

INDIA NON JUDICIAL

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

94AC 978836

7. यहकि उपरोक्त **अजय कुमार** द्वारा वहैसियत मुख्तारेआम किया गया प्रत्येक कार्य व हस्ताक्षर हम मुकिर द्वारा किया गया कार्य व हस्ताक्षर माना जायेगा। जिसकी पूरी पाबन्दी हम मुकिर पर होगी।

8. यहकि यह दस्तावेज प्रतिफल रहित खण्डनीय व परिवर्तनीय है व विक्रय का अधिकार नही है।

विवरण सम्पत्ति अन्तर्गत मुहल्ला शाहमारूफ तप्पा कस्बा परगना हवेली, तहसील सदर, जिला गोरखपुर में स्थित सरहरी हाउस पर नवनिर्मित भवन में अपने हक व हिस्से के बावत यह दस्तावेज मुख्तारनामा निष्पादित किया कि समय पर काम आवे व प्रमाण रहे।

Manil Kr　　　　Ajai Kumar

भारतीय गैर न्यायिक

भारत

दस रुपये रु.10

TEN RUPEES Rs.10

सत्यमेव जयते

INDIA

INDIA NON JUDICIAL

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH 94AC 978835

Manil Kumar Ajai Kumar

साक्षी Madhoop Kumar S/o Late Shri Rai Jagdiswari Prasad
Sarahi House, SHAHMARUF, GORAKHPUR

साक्षी Raman Ji Chaudhary S/o Ramprasad
Surya Vihar Colony
Gorakhpur

प्रारूपक व तैयारीकर्ता
अच्युतानन्द शुक्ल
एडवोकेट

दिनांक 23/09/2016

29 23-9-2016 ...
...092

आज दिनांक **23/09/2016** को

वही सं. **4** जिल्द सं. **206**

पृष्ठ सं. **115** से **136** पर कमांक **216**

रजिस्ट्रीकृत किया गया ।

रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के हस्ताक्षर

रईस अहमद खाँ
उप निवंधक द्वितीय
गोरखपुर
23/9/2016